# यमुना सिटी में अब 500 एकड़ में बनेगा मेडिकल डिवाइस पार्क

ग्रेटर नोएडा। यमुना सिटी में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क (एमडीपी) का आकार 150 एकड़ और बढ़ेगा। निवेश के लिए 40 नई कंपनियों के पंजीकरण के बाद यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने एमडीपी को 500 एकड़ में विकसित करने का निर्णय लिया है। नई पंजीकृत कंपनियां गंभीर बीमारी से बचाव के उपकरण बनाएंगी।

एयरपोर्ट शुरू होने के बाद यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टरों में गतिविधियां बढ़ेंगी। ऐसे में सेक्टर 28 में स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क को 350 एकड़ की जगह 500 एकड़ में विकसित करने की योजना है। वर्तमान में 179 एकड़ में 74 कंपनियों को



## 40 कंपनियों ने कराया पंजीकरण, गंभीर बीमारी से बचाव को तैयार होंगे उपकरण

भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें से 36 ने लीजडीड करा ली है। एक कंपनी का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जबकि 11 निर्माणाधीन हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क की सुविधाओं को देखते हुए देश विदेश की 40 नई कंपनियों ने भी निवेश के लिए पंजीकरण कराया है। ब्यूरो